राजस्थान सरकार
**आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyandoot/2021/Spl./82; दिनांक : 15 July 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

**विषय : ज्ञानदूत कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालयी पाठ्यकमानुसार महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर आयोजित हो रही विशेष कक्षाओं के आयोजन के संबंध में।**

आप सभी को विदित है कि विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा संचार, विषयपरक ज्ञानवर्द्धन, अकादमिक समस्या समाधान एवं उनके समय का रचनात्मक सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिये दिनांक 9 जून 2021 से आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा Online live classes करवाने हेतु एक विशेष शिक्षण सहायता कार्यक्रम **"ज्ञानदूत"** आरम्भ किया है। इसके संबंध में समय समय पर आदेश भी जारी किये गये हैं। इसमें विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षाओं की तैयारी हेतु एवं विषयज्ञान संवर्द्धन के लिए विषयवार यू–ट्यूब चैनल पर Online live classes आयोजित करवायी जा रही हैं, जिसमें प्रथम चरण में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं विधि संकायों के 22 विषयों में Online live classes चल रही हैं। इस कार्यक्रम में समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों को निःशुल्क जुड़ने और कक्षाओं का लाभ लेने की अनुमति है। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है, तथा यदि वे किसी भी राजकीय अथवा निजी महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक है, तो वे भी इन ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ ले सकते हैं।

प्रथम चरण में इन कक्षाओं का संचालन 12 राजकीय महाविद्यालयों द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में इस कार्यक्रम में लगभग 47 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। लगभग 350 सत्र आयोजन एवं उनके इतने ही विषयपरक कन्टेन्ट वीडियोज भी तैयार होकर आयोजक महाविद्यालयों के ज्ञानदूत चैनल पर अपलोड हो चुके हैं। इन विषयपरक कन्टेन्ट वीडियोज को लगभग 3 लाख 25 हजार से अधिक बार देखा जा चुका है। यह वास्तव में आयोजक महाविद्यालयों, आप सभी प्राचार्यों, विषय समन्वयकों एंव रिसोर्स पर्सन्स की उपलब्धि है।

फिलहाल इन कक्षाओं का संचालन दिनांक 31 जूलाई 2021 तक निर्धारित हैं। परन्तु इन कक्षाओं के प्रति विद्यार्थियों के रुझान एवं इनकी उपयोगिता को देखते हुए इन्हें दिसम्बर 2021 के अन्तिम सप्ताह तक आयोजित करवाया जायेगा।

09 अगस्त 2021 से इन कक्षाओं का नये सत्र के अनुसार पुनः Online live classes कार्यक्रम आरम्भ होना है। इस बीच में यदि विश्वविद्यालयी परीक्षाओं का आयोजन होनी है तो वे अपने समयानुसार आयोजित करवाई जायेंगी, परन्तु इन कक्षाओं का आयोजन निर्बाध जारी रहेगा। क्योंकि ऐस भी विद्यार्थी रहेगे जिनकी फिलहाल परीक्षाएं आयोजित नही होंगी। साथ ही, नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भी होंगे ही। अतः इन Online live classes का संचालन जारी रहेगा।

तथापि, प्राचार्यों द्वारा इन Online live classes के आयोजन के समय के संबंध में दिया गया सुझाव सराहनीय है। फिर भी, 31 अगस्त 2021 तक इन Online live classes का समय प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक ही रहेगा। तथा 01 सितम्बर 2021 से यदि आवश्यक हुआ तो इनके समय में परिवर्तन किया जा सकता है। हां, यदि किसी तरह इस अवधि में सरकार द्वारा महाविद्यालयों में विद्यार्थियों का अध्ययन हेतु प्रवेश अनुमत कर दिया जाता है तो भी इन Online live classes के समय में पहले भी परिवर्तन किया जा सकता है। इस संबंध में इन Online live classes के अध्यापन की व्यवस्था के लिये पृथक से निर्देश जारी किये जायेंगे।

इस संबंध में प्रथम चरण में 12 राजकीय महाविद्यालयों का चयन करके इन्हें विषयवार नोडल बनाकर इन कक्षाओं को आरम्भ करवाया गया है। इसी बीच कुछ अन्य महाविद्यालयों द्वारा भी इन कक्षाओं के लिये विषय नोडल बनने की इच्छा जाहिर की थी।

विद्यार्थी/जनहित में इन कक्षाओं का संचालन महाविद्यालयों एवं विभाग दोनों के लिये ही गर्व का विषय है। साथ ही इसका लाभ महाविद्यालयों को वार्षिक अंकेक्षण एवं NAAC में भी मिलेगा। अतः **इस पत्र के माध्यम से सभी राजकीय महाविद्यालयों को ज्ञानदूत कार्यक्रम में इस अतिरिक्त कक्षा सहायता कार्यक्रम में विषयवार कक्षा संचालन हेतु नोडल महाविद्यालय बनने के लिये आमंत्रित किया जाता है।** इच्छुक महाविद्यालय अपना प्रस्ताव आयुक्तालय को **दिनांक 22 जुलाई 2021 तक** इस कार्यक्रम की ई-मेल **gyandoot.cceraj@gmail.com** पर प्रेषित करें। इस तिथि उपरान्त आयुक्तालय की ओर से महाविद्यालयों को चयनित कर विषयवार कक्षा संचालन कार्य स्वतः आवंटन कर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम अथवा प्रस्ताव प्रेषण हेतु किसी प्रकार की सहायता के लिये आयुक्तालय में इस कार्यक्रम के नोडल केन्द्र नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ से सम्पर्क करें।

15/07/2021

**सन्देश नायक**, IAS
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyansudha/2021/Spl./82; दिनांक : 15 July 2021
प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. समस्त, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय/सम्भाग कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
5. समस्त, प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. वैबसाइट प्रभारी को ई-मेल करने हेतु/ अपलोड हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

15/7/2021

**डा. विनोद कुमार भारद्वाज**
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ